
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

20 अगस्त 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जीवन एक हीरे की तरह है वह केवल तभी चमकता है जब उसे सही तरीके से तराशा जाए।

गौतम बुद्ध



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


मधु प्रिया

# अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस 20 दिसंबर




प्रत्येक वर्ष **20** दिसंबर को पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाया जाता है। एकता का संदेश देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ने **20** दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस घोषित किया है। हर साल **20** दिसंबर को विविधता में एकता को चिन्हित करने और एकजुटता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र मिलेनियम घोषणा के अनुसार, एकजुटता उन बुनियादी मूल्यों में से है जो अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के लिए बहुत जरुरी हैं। को साझा हितों और उद्देश्यों के बारे में जागरूकता के रूप में परिभाषित किया जाता है जो एक ऐसे समाज में एकता और संबंधों की मनोवैज्ञानिक भावना पैदा करते हैं जो लोगों को एक-दुसरे के साथ बांधते हैं।संयुक्तराष्ट्र महासभा ने **22** दिसंबर **2005** को प्रस्ताव **60/209** द्वारा मानव एकता को एकजुटता के मौलिक और सार्वभौमिक अधिकारों के रूप में मान्यता दी गई थी, जो इक्कीसवीं सदी में लोगों के बीच संबंधों को दर्शाता है, और इस संबंध में ही प्रत्येक वर्ष **20** दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय मानव एकता दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया।

# जयंती विशेष 20 अगस्त




**राजीव गाँधी** *Rajiv Gandhi*, जन्म: 20 अगस्त, 1944, मुंबई; मृत्यु: 21 मई, 1991) भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के पुत्र और भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के दौहित्र और भारत के नौवें प्रधानमंत्री थे। उनका पूरा नाम **राजीव रत्न गांधी** था। राजीव गांधी भारत की कांग्रेस (इ) पार्टी के अग्रणी महासचिव (1981 से) थे और अपनी माँ की हत्या के बाद भारत के प्रधानमंत्री (1984-1989) बने।

# Teachers of Bihar
The change makers

## MATH TLM
Class-6to8

7

## भिन्न के प्रकार (kinds of fraction)

### सम भिन्न (proper Fraction)

जिस भिन्न का अंश, हर से छोटा हो, उसे सम भिन्न(proper Fraction) कहते हैं।

जैसे-1/2,3/4,5/6,12/95 इत्यादि।

### विषम भिन्न (Improper Fraction)

जिस भिन्न का अंश उसके हर के बराबर या बड़ा हो, उसे विषम भिन्न (improper fraction) कहते हैं।

जैसे- 3/4,4/4,15/8,7/3,100/69 इत्यादि।

Anu Priya, Science Teache

# लवणों का pH

- प्रबल अम्ल और प्रबल क्षार के अभिक्रिया के फलस्वरूप बने लवण को उदासीन लवण कहते हैं।
- उदासीन लवण के pH का मान 7 के बराबर होता है।
- लिटमस पत्र पर उदासीन लवण का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

- प्रबल अम्ल एवं दुर्बल क्षार के अभिक्रिया के फलस्वरूप बने लवण को अम्लीय लवण कहते हैं।
- अम्लीय लवण के pH का मान 7 से कम होता है।
- यह नीले लिटमस पत्र को लाल कर देता है।

- प्रबल क्षार और दुर्बल अम्ल के अभिक्रिया के फलस्वरूप बने लवण को क्षारीय लवण कहते हैं।
- क्षारीय लवण के pH का मान 7 से अधिक होता है।
- यह लाल लिटमस पत्र को नीला कर देता है।






# मेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी विजेता

| सीजन | होस्ट | विनर | रनरअप | स्कोर |
|---|---|---|---|---|
| 1982 | भारत | पाकिस्तान | भारत | 5-4 |
| 1985 | बांग्लादेश | पाकिस्तान | भारत | 3-2 |
| 1989 | भारत | सा. कोरिया | पाकिस्तान | 2-1 |
| 1993 | जापान | सा. कोरिया | पाकिस्तान | 1-0 |
| 1999 | मलेशिया | पाकिस्तान | सा.कोरिया | 5-4 |
| 2003 | भारत | भारत | पाकिस्तान | 4-2 |
| 2007 | भारत | भारत | सा.कोरिया | 7-2 |
| 2009 | मलेशिया | सा.कोरिया | पाकिस्तान | 1-0 |
| 2013 | मलेशिया | सा.कोरिया | भारत | 4-3 |
| 2017 | बांग्लादेश | भारत | मलेशिया | 2-1 |
| 2022 | इंडोनेशिया | सा.कोरिया | मलेशिया | 2-1 |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **20.08.2025**

## मनोगत्यात्मक कौशल

मनोगत्यात्मक कौशल **(Psychomotor Skills)** से तात्पर्य उन कौशलों से है जिनमें शारीरिक गतिविधियों को करने के लिए मानसिक नियंत्रण और समन्वय की आवश्यकता होती है। दूसरे शब्दों में, ये वो कौशल हैं जिनमें सोचने, योजना बनाने और फिर मांसपेशियों को नियंत्रित करके एक कार्य को पूरा करने की क्षमता शामिल होती है।

THE CHANGE MAKERS

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



भारत के 79वें **स्वतंत्रता दिवस** के मौके पर अमेरिका के सीएटल की प्रतिष्ठित स्पेस नीडल पर **भारतीय तिरंगा** फहराया गया। स्पेस नीडल को 1962 में **वर्ल्ड फेयर** के लिए बनाया गया था। **605 फीट** ऊंचाई वाल यह टावर यूएस पैसेफिक नॉर्थवेस्ट रीजन के टेक्नोलॉजी आधारित **भविष्य का प्रतीक** है।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### प्याज



मुझमें पर्याप्त मात्रा में सोडियम, पोटेशियम, फोलेट्स vitA,C ,E कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और फास्फोरस पाया जाता है।

Anu priya

# पद्य पंकज


“

दु:ख,शोक, जब जो आ पड़े
सो धैर्य पूर्वक सब सहो।
होगी सफलता क्यों नहीं
कर्तव्य पथ पर दृढ़ रहो
अधिकार खो कर बैठे रहना
यह महा दुष्कर्म है
न्यायार्थ अपने बंधु को भी
दण्ड देना धर्म है।

**मैथिली शरण गुप्त**


Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
डिजिटल क्रांति के जनक,सूचना तकनीकी के महानायक,पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय
राजीव गांधी
की जयंती पर सादर नमन।
जन्म- 20 अगस्त, 1944 - मृत्यु- 21 मई, 1991
www.teachersofbihar.org
Madhu priya

20
अगस्त

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद के संस्थापक अध्यक्ष

## श्री राम शरण शर्मा

की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।

जन्म- 26 नवम्बर 1919 - मृत्यु- 20 अगस्त 2011

Madhu priya

/teachersofbihar